>

Title: Regarding alleged encroachment by Chinese fishing vessels in Ratnagiri, Maharashtra.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : महोदय, मैं सागरीय सुरक्षा का एक बहुत ही गंभीर मामला इस सभागृह के सामने रख रहा हूं । जून माह के पहले हफ्ते में 8 जून को हमारे रत्नागिरी का डाभोल नामक जो समुद्र तटीय क्षेत्र है, वहां चीन के 10 बड़े वेसल्स जो फिशिंग करने के लिए आए थे, उन्हें कोस्टगार्ड ने पकड़ा है । जो 10 वेसेल्स पकड़े गए हैं, उनके जो क्रू मेंबर्स है, उनके जो कैप्टन हैं, वे सारे के सारे परदेशी हैं और उनके पास जो पासपोर्ट है, वह एक्सपायर हो चुका है । वे सारे इल्लीगल एक्टिविटी करने वाले थे । मेरा कहना यह है कि इसके पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है । जैसे कसाब मुंबई में समुद्र के माध्यम से आया था । वैसे ही चीन और रत्नागिरी को अगर देखें, तो उनमें कितनी दूरी का अंतर है, 10-10 बड़े वेसल्स रत्नागिरी तक आना, बीच में उसकी जांच क्यों नहीं हुई? उन्होंने भारत से परमीशन क्यों नहीं ली? इसकी सही तरीके से जांच होनी चाहिए । सौभाग्य से कोस्ट गार्ड ने रत्नागिरी में उन्हें सही वक्त पर पकड़ लिया और उनकी इन्क्वायरी चालू है । लेकिन मेरी विनती है कि भारत के रक्षा मंत्री आदरणीय राजनाथ सिंह जी से भी मैंने लिखित रूप से विनती की है कि इस सारी घटना की पूरी जांच हो और भविष्य में समुद्र की सुरक्षा को कड़ा किया जाए ।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री राहुल रमेश शेवाले और श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री विनायक भाऊराव राऊत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

14.00hrs